दिनांक : 09.06.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आज देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- मुख्यमंत्री आज शहडोल में बिरसामुंडा की पुण्यतिथि पर 80 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की देंगे सौगात।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक राष्ट्र एक चुनाव पहल को जन आंदोलन में बदलने को कहा।
- प्रदेश में गर्मी का एक और दौर शुरू। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार।

अब समाचार विस्तार सेः-

संकल्प से सिद्धि अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आज 11 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं। इस अवसर पर देश और प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देंगे। अन्य केन्द्रीय मंत्री भी देशभर में सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएंगे।

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी आज से 16 जून तक ''संकल्प से सिद्धी'' अभियान चलाएगी। इस दौरान विकसित भारत का अमृतकाल के अंतर्गत सेवा, सुशासन के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। 12 जून तक जिला स्तर पर प्रोफेशनल समिट का आयोजन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षीय कार्यकाल पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 12 व 13 जून को मंडल स्तर पर संकल्प सभाओं का आयोजन होगा।

विशेष फीचर- सरकार 11 वर्ष

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों पर अमल के कारण देश में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार, पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज प्रस्तुत है पूर्वोत्तर भारत की विकास यात्रा पर आधारित विशेष

मुख्यमंत्री-बिरसा मुंडा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शहडोल जिले के ब्यौहारी में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री 80 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 250 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 52 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे। यह सम्मेलन राज्य सरकार के जनजातीय समुदायों के समावेशी विकास और उत्थान के लिये प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। विकास कार्यों में लोक निर्माण विभाग के 6 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 33 कार्य और मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 10 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री-नरसिंहपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में 80 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल जीवन मिशन के अंतर्गत 396 लाख रुपये की लागत से देवरी से बनवारी पिपरिया तक 8.27 किमी सड़क, साईंखेड़ा में सीवरेज योजना तथा पुस्तकालय एवं प्रतीक्षालय जैसे शहरी विकास से जुड़े कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। जिले में सामुदायिक भवन, अमृत सरोवर 2.0, आंगनबाड़ी भवनों और अन्य बुनियादी संरचनात्मक सुविधाओं का निर्माण प्रस्तावित है। कार्यक्रम में जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान भी किया जाएगा।

मंत्रालय सचिव-जाजू

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव संजय जाजू कल भोपाल प्रवास थे। श्री जाजू ने दूरदर्शन भवन में सूचना प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न ईकाइयों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पीआईबी, सीबीसी, आकाशवाणी और दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

शिवराज-सोशल मीडिया

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों और बुद्धिजीवियों से एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल को जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया है।

बेंगलुरू में कल एक कार्यक्रम में श्री चौहान ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से समय और सार्वजनिक धन की बर्बादी होती है। हर पांच साल में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने से प्रशासनिक संसाधनों और धन की बचत होगी।

अच्छी खबर- खंडवा

खंडवा जिले के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर में "ई-आराधना" पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। जो भक्तों को दर्शन में हो रही परेशानीयों को दूर करने के लिए बनाया गया हैं। इस पोर्टल की अधिक जानकारी दे रहें हैं हमारे खंडवा संवाददाता हिरालाल लोंगरे।

खंडवा पैकेज

वीओ 1- श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ने भक्तों की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए एक नवीन एवं उपयोगी सेवा "ई-आराधना" का शुभारंभ किया है। इस सेवा के माध्यम से अब भक्तगण देश-विदेश में कहीं से भी श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में पूजन बुक कर उसमें लाइव सम्मिलित हो सकते हैं एवं अपने घर बैठे प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। खंडवा कलेक्टर श्री रिषभ गुप्ता ने जानकरी देते हुए

वीओ 2- यह सेवा भक्ति और आस्था को नई तकनीक से जोड़ते हुए पुण्य लाभ प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। आकाशवाणी समाचार के लिए खंडवा से में हिरालाल लोंगरे।

नवकरणीय ऊर्जा

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि प्रदेश सरकार अब छोटे निवेशकों के साथ ही किसानों को भी बिजली उत्पादन का अवसर मुहैया कराने जा रही है। छोटे निवेशकों के साथ किसान सौर ऊर्जा अभियान में "सूर्य मित्र कृषक फीडर योजना" में निवेश करके बेहतर लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस योजना का लाभ लेकर किसान सौर ऊर्जा के माध्यम से "बिजली उत्पादक" बन सकते है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है। कल कई जिलों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। भोपाल में कल अधिकतम तापमान 41 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सर्वाधिक तापमान खजुराहो में 42 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में गर्मी के और बढ़ने की संभावना जताई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- टेनिस में स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने कल रात पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीत लिया है।
- शहडोल जिले में अधिक से अधिक से रक्त संग्रह के लिए इस पूरे महीने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 14 जून को जिला मुख्यालय सहित 3 स्थानों पर एक साथ रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे।
- नीमच जिले की सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र 2025 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी हैं। इस वर्ष महिलाओं के लिए आरक्षण बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया गया है।